पावरलूम बुनकरों को फ्लैट रेट पर मिलेगी बिजली

लखनऊ। प्रदेश के पावरलूम बुनकरों को फ्लैट रेट पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार ने यह फैसला कोरोना महामारी की वजह से बुनकरों का कारोबार प्रभावित होने के मद्देनजर किया है। प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बुधवार को बैठक में कहा कि इसके लिए पूर्व निर्धारित फ्लैट रेट को रिवाइज करते हुए नए फ्लैट रेट पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। बैठक में अपर मुख्य सचिव, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग रमारमण, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग गोविन्द राजू एनएस, बुनकर फोरम के प्रदेश अध्यक्ष अरशद जमाल सहित गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मऊ, बाराबंकी, मेरठ, सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बुनकर संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। ब्यूरो